'meeoiOee hej heje vepej jKe'

अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर जिला प्रशासन व पुलिस को निर्देश दिए है कि आपातकालीन परिस्थितियों के मद्देनजर केन्द्र व राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित कराई जाए। संदिग्ध व्यक्तियों पर पूरी नजर रखी जाए। मोहल्ला विकास समिति व शांति समिति से भी समन्वय रखें. उन्होंने आमजन से अपील की कि प्रशासन का पूरा सहयोग करें। अपने आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी शेयर ना करें। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में बैठक लेकर अजमेर में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के बारे में किए जा रहे प्रयासो की जानकारी ली।

रेजीडेंट चिकित्सकों ने भी जताई राष्ट्र सेवा के प्रति इच्छा

- Deeheele emLeele ce eÛeekeâlmeeÙe mekeeDee keâ e}S leÙeej
- peS}Sve cee[keâ} keâe}pe ØeÛeeUe keâe meehee meceLeve he$e

अजमेर, (कासं)। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर और आपात स्थिति में देश सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए अजमेर के रेजीडेंट चिकित्सकों ने दक्षिण पश्चिमी कमान पर चिकित्सकीय सेवाएं करने के लिए भेजने की मांग को लेकर शुक्रवार को जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया को अपना समर्थन पत्र सौंपा।

अजमेर रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दिलराज मीणा ने नेतृत्व में 750 से अधिक रेजीडेंट डॉक्टरों ने आपातकालीन स्थितियों में सेना के साथ मिलकर चिकित्सकीय सेवाएं देने की स्वेच्छा व्यक्त की है। दक्षिण पश्चिमी कमान जयपुर के नाम आधिकारिक पत्र जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिला सामरिया को सौंपा गया। एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. दिलराज मीणा द्वारा पत्र में कहा गया है कि जब जब देश संकट में होता है, डॉक्टर हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर मानवता और राष्ट्र सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी डॉक्टरों ने जिस समर्पण से कार्य कियाए वह अभूतपूर्व था। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए रेजिडेंट डॉक्टर अब सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने को तैयार हैं। डॉ मीणा ने कहा कि यह पहल केवल चिकित्सकीय सेवा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य और नागरिक धर्म का प्रतीक है। डॉ.सामरिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्र सेवा की मिसाल है। इस अवसर पर अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. श्याम भूतड़ा, डॉ.गरिमा बाफना सहित रेजीडेंट डॉ.हितेश गर्ग, घनश्याम, महेंद्र कलाल, सुमित, हिमांशु, रीना, हनुमान प्रसाद, महादेव आदि मौजूद रहे।

Ûe{eJe ce DeeÙe 19 ueeKe 70 npeej ®heS

पुष्कर, (निसं)। जगतपिता भगवान ब्रह्मा जी के मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों के द्वारा दान पात्रों में चढ़ाई गई चढ़ावे की राशि की गिनती गुरुवार से प्रारंभ हुई। ब्रह्मा मंदिर अस्थाई प्रबंध कमेटी के सचिव और उपखंड अधिकारी पुष्कर गौरव मित्तल के निर्देशों के बाद दान पात्रों में जमा राशि की गिनती शुरू की गई। आपको बता दें कि गिनती के पहले दिन जहां मंदिर कमेटी को 9 लाख 33 हजार 415 रुपयों की प्राप्ति हुई तो वही दूसरी और आज लगातार दूसरे दिन मुख्य दान पात्र को खोला गया। जिसमें 10 लाख 35 हजार 730 रुपए प्राप्त हुए। आपको बता दें कि अभी तक दोनों दिनों की गिनती के दौरान मंदिर कमेटी को 19 लाख 70 हजार रुपए की गिनती की जा चुकी है।

cenejeCee øeleeHe peÙelee ceveeF

ब्यावर (निसं) यूथ संगठन द्वारा मेवाड़ी गेट स्थित महाराणा प्रताप सर्कल पर हिन्दू सम्राट महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाए। सुधीर सिंह तोमर, दुर्गा सिंह, बृजेश साहू ने महाराणा प्रताप सर्कल को अग्निशमन की टीम का सहयोग लेकर सर्किल की साफ सफाई और धुलाई करवाई।

विभिन्न वार्डों में सड़क विकास कार्यों का आगाज

- Depecej Gòej ce vene jniee heÙepeue mecemÙee, me[keâe keâe veŠkekeâ Yee neiee cepeyele Š okeveevee
- ekeOeevemeYee DeOÙe#e ve }eneie} ce ekeâÛee heevee keâe Škeâe keâe ueekeâeheCe

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार ने अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र को पेयजल आपूर्ति में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 270 करोड़ रूपये की योजना की है। इसकी वित्तीय स्वीकृति भी जारी हो गयी है। जल्द काम शुरू होगा। आने वाले दिनों में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र पेयजल के क्षेत्र में अठाणी होगा। इसी तरह सड़कों का भी पूरा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। शहर की एक भी सड़क क्षतिठात नहीं रहेगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को लोहागल में पानी की टंकी और पाइप लाईन कार्य का लोकार्पण किया। उन्होने शाम को विभिन्न स्थानों पर सड़क विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर क्षेत्र में बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या का निराकरण करने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। क्षेत्र में 40 करोड़ रूपये की लागत से नालों का निर्माण किया जा रहा है। नाला निर्माण, कच्चे नाले पक्के होने और पानी की निकासी का रूट निश्चित होने से विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा एवं अन्य जल का भराव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र सशक्त, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक शहर बनेगा। सरकार ने अजमेर को प्राथमिकता के साथ बजट उपलब्ध करवाया है। अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। इसके लिए सरकार ने गत दोनों बजटों में पर्याप्त महत्त्व दिया है। क्षेत्र में विकास की गंगा अनवरत बहती रहेगी। शहर के ड्रेनेज सिस्टम तथा सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रूपये की राशि उपलब्ध करवाई गई है। प्रत्येक विकास कार्य के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़ी हुई सुविधाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए जेएलएन चिकित्सालय मे विधानसभा अध्यक्ष हेल्प डेस्क स्थापित की गई। इसके माध्यम से मरीजों तथा परिजनों की सहायता की जाती है। सप्ताह के सातों दिन चौबीस घण्टे हेल्प डेस्क से लगातार आमजन लाभान्वित हो रहे है। अल्प समय में ही 3 हजार से अधिक व्यक्तियों की सहायता की गई है। उन्होंने कहा कि जेएलएन चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में नवीनतम तकनीक युक्त आधुनिक सुविधाओं से उपचार सुनिश्चित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। इसके भवन के लिए 50 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। इससे भवन का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन होगा। इसी प्रकार विकास के विविध आयामों के माध्यम से आमजन का जीवन आसान बनाने की दिशा में आगे भी कार्य जारी रहेंगे।

एलएलबी परीक्षार्थियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

अजमेर, (कासं)। एल एल बी प्रथम वर्ष के छात्रों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंप कर फ्लाइंग ऑफिसर पर परीक्षा के दौरान जांच के नाम पर अभद्रता करने और नियम विरुद्ध कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। सेन्ट विल्फ्रेड लॉ कॉलेज गेगल में एल एल बी प्रथम वर्ष की परीक्षा चल रही है।

राजकीय विधि महाविद्यालय अजमेर के छात्रों ने शुक्रवार को लॉ के परीक्षार्थियों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंप कर बताया कि फ्लाइंग चेकिंग टीम द्वारा नियमों के विपरीत छात्राओं की मौजूदगी में ही छात्रों की शारीरिक तलाशी के नाम पर इनरवेयर तक हाथ डालने की कोशिश की, जिससे सभी को बेहद शर्मिंदगी उठानी पड़ी। जब उन्होंने इस अमर्यादित जांच का विरोध किया तो फ्लाइंग अधिकारी ने उनके साथ अपमानजनक व्यवहार करते हुए उन्हें धमकाया कि यदि उनकी बात नहीं मानी गई तो वे उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

फ्लाइंग अधिकारी व टीम के खिलाफ हो जांच:- छात्रों का कहना है कि परीक्षा में फ्लाइंग चेकिंग टीम में किसी महिला अधिकारी की मौजूदगी नहीं थी, इसके बावजूद जांच को छात्राओं के सामने इस तरह अंजाम दिया गया, जिससे छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से आघात पहुंचा। ज्ञापन में मांग की गई है कि उक्त फ्लाइंग अधिकारी और उनकी टीम के खिलाफ विभागीय जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। परीक्षा केंद्र पर इस घटना के चलते कुछ समय तक परीक्षा का माहौल तनावपूर्ण रहा। छात्र संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे मजबूरन आंदोलन करेंगे।

DeueKe peeiejCe keâe MeYeejYe

अरांई (निसं)। मां हिंगलाज मंदिर गेहलपुर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर शुक्रवार को अलख जागरण का शुभारंभ किया गया। अरांई में आयस पीर शम्भू नाथ रावल महाराज और रामद्वारा महंत रामप्रकाश रामस्नेही महाराज ने श्रद्धालुओं के साथ नगर परिक्रमा कर सिद्धस्थानों पर एवं कस्बे में प्रतिष्ठानो पर ठामीणों को निमंत्रण दिया। अलख जागरण कार्यक्रम रामद्वारा से शुरू हुआ। यहां से सन्त व श्रद्धालुगण सदर बाजार होते हुए गणेशजी मंदिर, श्रीजीकल्याणराय मंदिर पहुँचे।

जहां ठाकुरजी के दर्शन कर हिंगलाज मंदिर की मूर्ति स्थापना का निमंत्रण दिया। इसके बाद श्रीजी मोहल्ला, जाट मोहल्ला, सिरोंज रोड, बस स्टैंड, अस्पताल के सामने, किशनगढ़ रोड होते हुए पावर हाउस चौराहा स्थित पंचमुखी मंदिर पंहुचे। यहां प्रवचन करते हुए आयसपीर शम्भूनाथ महाराज ने धर्म की महिमा बताते हुए कहा कि धर्म मनुष्य की स्वाभाविक आत्मा है। धर्म अंत:करण की पवित्रता है। धर्म मनुष्य को जीवन का अर्थ समझने, अच्छे कर्म करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने श्रद्धालुओ से मातारानी के पाटोत्सव कार्यक्रम में तन-मन-धन से सहयोग करने और कार्यक्रम में शामिल होकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। सुनील शर्मा ने बताया कि आधशक्ति हिंगलाज मातेश्वरी पाटोत्सव 20 फरवरी 2026 को होगा। जिसमे यज्ञ, भजन संध्या, संत प्रवचन, मूर्ति स्थापना, संत भंडारा का आयोजन।

keâe«eemeÙee ve evekeâe}e elejiee juee

अजमेर, (कासं)। आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करने वाली भारतीय सेना के शौर्य और साहस के सम्मान में शुक्रवार को अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में विशाल तिरंगा रैली निकल गई। तिरंगा रैली गांधी भवन से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक पहुंची।

जुर्माने से बचने का 31 मई तक अंतिम अवसर

अजमेर, (कासं)। आशातीत सफलता को देखते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गिव अप अभियान प्रारम्भ किया गया था। खाद्य सुरक्षा योजना की पात्रता खो चुके 2122 परिवारों के 8063 सदस्यों ने सरकार की प्रस्तावित कार्यवाही के डर से स्वेच्छा से अपने नाम हटवा लिए हैं। अभियान की अंतिम तिथि 31 मई सरकार द्वारा निर्धारित की गई है। इसके बाद कोई परिवार पात्रता नहीं रखने के बावजूद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ लेता है तो उस पर विभाग कार्यवाही के साथ ही 27 रूपये प्रति किलो अथवा बाजार दर के हिसाब से वसूली की जाएगी। जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) नीरज कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अवैध रूप से लाभ लेने वाले लाभार्थियों के लिए गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ऐसे व्यक्ति जिनके पास चार पहिया वाहन हैं, आयकर दाता है। ठामीण क्षेत्रों में 1500 स्क्वायर फीट से ज्यादा जमीन पर मकान बना हो और आर्थिक रूप से सक्षम है। इसके बाद भी यदि खाद्य सुरक्षा योजना में अवैध रूप से लाभ उठा रहे हैं तो उनके नाम काटे जा रहे हैं।

देश की रक्षा के लिए पूर्व सैनिकों ने मोर्चा संभालने की जताई इच्छा

- Deehejmeve emeoj ce Meeece} neve keâ e}S ØeOeevece$ee keâ veece keâ}keÙŠj keâe meehee he$e

अजमेर, (कासं)। पाक के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर में सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दुश्मनों को धूल चटाने के लिए जिले के पूर्व सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक समर्थन पत्र शुक्रवार को जिला कलेक्टर लोकबंधु को सौंपा।

देश पर जब-जब संकट आया है, तब-तब वीर सपूतों ने हमेशा आगे बढक़र उसका डटकर मुकाबला किया है। शुक्रवार को अजमेर जिले के पूर्व सैनिकों ने जिला कलेक्टर लोक बंधु को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक समर्थन पत्र सौंप कर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा बनने की मांग की है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए 1971 के भारत-पाक युद्ध में भाग लेने वाले नेवी से रिटायर्ड सैन्य अधिकारी कृष्ण मुरारी मिश्रा ने कहा कि पाकिस्तान का यह हमला प्रायोजित कायराना हरकत है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पहले युद्ध आमने-सामने होता था, लेकिन अब भारत के पास आधुनिक तकनीक है जिससे दुश्मन को चुनचुन कर खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना आज दुनिया की चौथी सबसे ताकतवर सेना है, जबकि पाकिस्तान की सेना का कोई नामोनिशान नहीं है। मिश्रा ने यह विश्वास जताया कि यदि सरकार बुलाए तो वे फिर से वर्दी पहनकर सीमा पर जाने को तैयार हैं। कारगिल युद्ध के नायक भवानी सिंह राठौड़ ने ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा बनने के लिए कहा कि वे आज भी देश पर प्राण न्यौछावर के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि उनके दादा और पिता भी भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं और उन्हें इस पर गर्व है।

राठौड़ ने कहा कि भारत को आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए और अब वक्त आ गया है कि निर्णायक कार्रवाई हो। जिले के पूर्व सैनिकों ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार हैं, उनका जोश, देशभक्ति और संकल्प आज भी जवानों जैसा ही है। उन्होंने सरकार से पाकिस्तान को सख्त चेतावनी देने और आतंक के खिलाफ निर्णायक युद्ध की मांग की है, साथ उन्होंने कहा कि युद्ध में जरूरत पडने पर वे सभी हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं।

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/129785 DATE :- 05.05.2025
रजि बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/1414 दिनांक 09-05-25
सार्वजनिक सूचना

श्रीमती किंजल सोनी पत्नी श्री विजय सोनी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 3 कोट गली बिचलडी मौहल्ला म्यु नं. 30 का भाग प्र.नं. 10 क्षेत्रफल 81.72 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री गिरीश कुमार उदासी पुत्र श्री पवन कुमार के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 27.03.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

आम सूचना

हमारी फर्म ROYALGEM SURFACES खसरा संख्या 1253/983, ग्राम रलावता, मकराना रोड, तहसील किशनगढ़, जिला अजमेर (राज) 305801 रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स, अजमेर में पंजियन क्रमांक RF/AJM/2022/2861 दिनांक 8 अगस्त 2022 पर पंजिकृत भागीदारी फर्म है। उक्त फर्म में (1) श्री संजय टांक (2) श्रीमती राधिका अग्रवाल (3) श्री तेजन टांक साझेदार थे। उक्त साझेदारी में श्री तेजन टांक को दिनांक 09 अप्रैल 2025 से साझेदारी फर्म से रिटायर किया गया है, जिसके लिए एक सप्लीमेंट्री पार्टनरशिप डीड को दिनांक 9 अप्रैल 2025 को लिखा गया है। उक्त प्रलेख के बाद साझेदारी फर्म में श्री संजय टांक, एवं श्रीमती राधिका अग्रवाल उक्त फर्म में वर्तमान साझेदार के रूप में है, इस सम्बंध में किसी भी व्यक्ति-संस्थान को कोई आपत्ति हो तो आवश्यक दस्तावेज के साथ 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ पार्टनरशिप फर्म, जिला उद्योग केंद्र अजमेर को प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। प्रार्थी- रॉयलजेम सर्फेसेस (ROYALGEM SURFACES)खसरा संख्या 1253/983, ग्राम रलावता, मकराना रोड, तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर (राज)

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/126525 DATE :- 30.04.2025
सजरा प्रमाण पत्र

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/1409 दिनांक 09-05-25
सार्वजनिक सूचना

श्री नोरमतल कंचनदेवी, पुष्पा देवी, अरूणा देवी पिसरान मांगीलाल जी, श्रीमती मीना पत्नी श्री मोहनलाल, श्री मनोज, दक्षा, कलपेश पिसरान श्री मोहनलाल निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6 प्रताप नगर मकान नं. 39 का दक्षिणी भाग प्लाट नं. 65 क्षेत्रफल 120.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती शांती देवी पत्नी श्री मांगीलाल शर्मा के नाम दर्ज है। सजरा प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/125997 DATE :- 28.03.2025
रजि वसीयत-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/1397 दिनांक 09-05-25
सार्वजनिक सूचना

श्री लालचन्द पुत्र श्री नारायण लाल भाटी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5 नेहरू नगर गली नं. 01 मुथा बोहरा कॉलोनी मकान नं. 29 का भाग क्षेत्रफल 80.95 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री नारायण लाल पुत्र श्री बलदेव जी के नाम दर्ज है। रजि वसीयत-नामा दिनांक 25.10.2018, मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/126069 DATE :- 29.03.2025
रजि. कोर्ट डिग्री

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/1396 दिनांक 09-05-25
सार्वजनिक सूचना

श्री तिलोकचन्द साहू पुत्र श्री गोरधन लाल साहू निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 3 बिचलडी मौहल्ला गुजरान हथाई मार्ग मकान नं. 2/255 नया नं. 75 का भाग क्षेत्रफल 63.86 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री गोरधनलाल पुत्र श्री पन्नालाल के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 31.12.1992 रजि कोर्ट डिग्री दिनांक 21.11. 2003 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/126551 DATE :- 04.04.2025
रजि बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/1405 दिनांक 09-05-25
सार्वजनिक सूचना

श्री महेन्द्र कुमार कुमावत पुत्र श्री किशना राम निवासी बिलाड़ा ने क्षेत्र नं. 6 प्यारेलाल बगीची मार्ग शिवनाथमल कुमावत मार्केट म्यु नं. 72 ग्रा नं./ दुकान नं. 06 क्षेत्रफल 17.64 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री ओमप्रकाश कुमावत पुत्र श्री शिवनाथमल कुमावत के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 25.03.2025, 06. 03.2005 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।
आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर
मूल आंवटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाउ उपाध्याय नगर (विस्तार) ई डब्लयू एस योजना के आवासीय/भूखण्ड /आवास गृह संख्या 183 क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर के आवंटी/अन्तरिति स्व श्रीमती लक्ष्मी कंवर उर्फ लक्ष्मी देवी पत्नी कुलदीप सिंह निवासी देवलिया खुर्द केकड़ी की मृत्यु दिनांक 19/8/2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश(1) कुलदीप सिंह (पति) पुत्र महावीर प्रसाद(2) मानवेन्द्र सिंह पुत्र कुलदीप सिंह (3) सिमरन पुत्री कुलदीप सिंह निवासी देवलीया खुर्द केकडी द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के सबंध ने किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।
योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राज.
क्रमांक: न.प.कि./कृषि भूमि नियमन/2025/238 आपत्ति विज्ञप्ति दिनांक: 06/5/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमियों पर बसी कालोनियों में निम्न भूखण्ड्धारियों द्वारा आवासीय पटटा चाहने वास्ते आवेदन पेश किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तिया/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमि आवंटन पटटा जारी कर दिया जावेगा।

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम	खसरा संख्या राजस्व ग्राम	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल
1	श्री मोहम्मद अयुब पुत्र श्री याकुब शाह निवासी अंराई जिला अजमेर	298/5 किशनगढ-बी	20	110.44 वर्गगज

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, अजमेर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री सुल्तान खां पुत्र उमराव खां निवासी ग्रान देदूला, तहसील व जिला अजमेर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम कक्लाना की वर्किंग जमाबंदी सं0 2041-44 की खाता संख्या 97 में दर्ज ख0न0 1140 रकबा 00-09-10, ख0न0 1163 रकबा 00-05-10 कुल किता 2 रकबा 00-15-00 भूमि खातेदार हमीद खां पुत्र नन्ने खां जाति मुसलमान निवासी ककलाना से जरिये रजि0 विक्रय पत्र दिनांक 06.08.1991 से खरीद किया जाना बताते हुए उक्त विक्रय पत्र के आधार पर खातेदार हमीद खां पुत्र नन्ने खां के हिस्से की भूमि का नामा0 स्वयं के नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया है। पटवारी हल्का ककलाना की रिपोर्ट के अनुसार उक्त विक्रय पत्र में वर्णित वर्किंग ख0न0 के हाल ख0न0 1435, 1466 बने है जो कि वर्तमान जमाबंदी सं0 2073-76 की खाता संख्या 130 में विक्रेता खातेदार हमीद खां पुत्र नन्ने खां की मृत्यु हो जाने पर उसके वारिसान एवं सहखातेदारान के नाम दर्ज रिकॉर्ड है। अत: यदि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पंजिकृत विक्रय पत्र दिनांक 06.08.1991 के आधार पर प्रार्थी के नाम नामान्तरकरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी तथा विधि सम्मत आदेश पारित कर दिया जायेगा। सूचित रहे।
तहसीलदार, अजमेर

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
निविदा आमंत्रण सूचना

SITC of VRV air conditioning at Confidential Section, Room No 72, Establishment Section, Affiliation Section, Swami Viveknand Vidyarthi Sewa Kendra at Board of Secondary Education Rajasthan Campus Ajmer कार्य की अनुमानित लागत राशि रूपये 55.00 लाख (पचपन लाख) हेतु राज्य/केन्द्र सरकार के अभियांत्रिक विभागो/उपक्रमो में नियमानुसार उपयुक्त क्षेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक 13.05.2025 से 02.06.2025 को सायं 6.00 बजे तक निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की दिनांक 13.05.2025 से 03.06.2025 को सायं 6.00 बजे तक निविदा फीस/धरोहर राशि/प्रोसेसिंग फीस जमा कराने की दिनांक 04.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी। निविदा खोलने की दिनांक 05.06.2025 सायं 4.00 बजे निश्चित है। निविदा संबंधी अन्य विवरण राज्य सरकार के उपापन पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकते है। UBN – SEB2526WSOB00005
सचिव

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र NATIONAL REMOTE SENSING CENTRE
बालानगर, हैदराबाद BALANAGAR, HYDERABAD 500 037

Advt.No/NRSC/RMT/1/2025 DT. 10.05.2025
राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के प्रमुख केंद्रों में से एक है, निम्नलिखित विषयों के तहत वैज्ञानिक/इंजीनियर एससी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है: -

क्र.स	विषय	पदों की संख्या
01	वन एवं पारिस्थितिकी	02
02	भूसूचना (एम.एससी आधारित)	02
03	भूविज्ञान	05
04	भूभौतिकी	02
05	शहरी अध्ययन	06
06	जल संसाधन	04
07	भूसूचना (एम.टेक आधारित)	10

पात्रता मानदंड, विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया https://www.nrsc.gov.in देखें।

ऑनलाइन पंजीकरण की आरंभिक तिथि:	10.05.2025 (1000 बजे)
ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि:	30.05.2025 (1700 बजे)

CBC 49112/11/0002/2526

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, अजमेर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्रीमती सुगरा पत्नी सुल्तान खां निवासी ग्रान देदूला, तहसील व जिला अजमेर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम ककलाना की वर्किंग जमाबंदी सं0 2041-44 की खाता संख्या 97 में दर्ज ख0न0 1218 रकबा 01-05-10, ख0न0 1333 रकबा 02-01-00 कुल किता 2 रकबा 03-06-10 भूमि खातेदार हमीद खां पुत्र नन्ने खां जाति मुसलमान निवासी ककलाना व श्रीमती खातूनबानो पत्नी बशीर खां जाति मुसलमान निवासी ककलाना से जरिये दो अलग-अलग रजि0 विक्रय पत्र दिनांक 06.08.1991 से खरीद किया जाना बताते हुए उक्त विक्रय प